Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Sports

Kho-Kho (Female) Tournament

1-2-12-2022

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज के खेल परिसर में किया गया. कुलपति प्रो आरके सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. फाइनल राउंड में जेडी चीमेंस कॉलेज और श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम आमने-सामने थी. जेडी वीमेंस कॉलेज टीम के 6 प्वाइंट्स के विरुद्ध श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम ने 23 प्वाइंट्स लेकर 17 प्वाइंट्स से जीत दर्ज की.

श्री अरविन्द महिला कॉलेज
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय
खो-खो (महिला) प्रतियोगिता - 2022

श्री अरविन्द महिला कॉलेज

श्री अरविन्द महिला कॉलेज
प्रतियोगिता - 2022

प्रतियोगिता - 2022

श्री अरविन्द महिला कॉलेज

श्री अरविन्द महिला कॉलेज
खो-खो (महिला) प्रतियोगिता

PATNA
ATHLETIC SOCIETY

संपूर्ण विकास में ईमानदारी और समर्पण भाव का होना बेहद जरूरी : कुलपति

कुलपति ने किया दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन

जासं, पटना : पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता अरविंद महिला कालेज, पटना में शुरू हुई। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेल हो या संस्कृति का क्षेत्र, ग्लोबल मार्केट में कोई तब तक नहीं टिक सकता, जब तक कि छात्र खेल भावना, संस्कृति और अतिरिक्त पाठ्य- गतिविधियों के मेल से अपने संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास ना करें। आज जीवन में खेल स्पर्द्धा के साथ-साथ ज्ञान और संस्कृति कर्म को भी विकसित करने की जरूरत है। कुलपति ने कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास में विश्वविद्यालय स्तर से कोई कमी नहीं आने दी जाएगी,

समारोह को संबोधित करते पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह। ● सौ : कालेज

लेकिन जीवन में ईमानदारी और समर्पण भाव का होना बहुत जरूरी है। अतिथियों का स्वागत कालेज की प्राचार्य प्रो. पूनम ने किया। इस अवसर पर खेल प्रभारी प्रो. अंजलि प्रसाद सहित प्रो. शिवनारायण, प्रो. योगेंद्र कुमार, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. साधना ठाकुर, डा. विमी सिंह मौजूद थीं। संचालन डा. प्रभा मिश्रा ने किया। विश्वविद्यालय के चार महाविद्यालयों एएन कालेज, जेडी वीमेंस कालेज, मालती धारी कालेज तथा अरविंद महिला कालेज की खो-खो टीम ने प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज की।

विद्यार्थी के हित में ही जल्द लिया जाएगा निर्णय

जासं, पटना : बिहार इंस्टीट्यूट आफ ला और आरपीएस ला कालेज के दर्जनों छात्रों ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के आइसा को-आर्डिनेटर रवि रंजन तिवारी के नेतृत्व में पाटलिपुत्र विवि के कुलपति का घेराव किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि बीए-एलएलबी और एलएलबी के रिजल्ट में काफी गड़बड़ी है। कुलपति को पत्र देकर परिणाम में सुधार करने की मांग की। कुलपति ने विद्यार्थियों से कहा कि जो बच्चे फेल हो गए उनके लिए विशेष परीक्षा या ग्रेस मार्क्स दिया जाएगा।

खो-खो प्रतियोगिता में अरविंद महिला कॉलेज हुआ विजयी

पटना. पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को श्री अरविंद महिला कॉलेज के खेल परिसर में किया गया. कुलपति प्रो आरके सिंह ने टूर्नामेंट का उद्घाटन किया. फाइनल राउंड में जेडी वीमेंस कॉलेज और श्रीअरविंद महिला कॉलेज की टीम आमने-सामने थी. जेडी वीमेंस कॉलेज टीम के 6 प्वाइंट्स के विरुद्ध श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम ने 23 प्वाइंट्स लेकर 17 प्वाइंट्स से जीत दर्ज की.

प्रभात खबर Fri, 02 https:/,